## महत्वपूर्ण एवं खास

### मतदान कराकर लौटे कर्मियों का कलेक्टर ने किया स्वागत

**बैकुंठपुर( आरएनएस)।** कोरिया जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र कुमार दुग्गा ने सकुशल मतदान कराकर वापस आये मतदान कर्मियों का आत्मीयता से स्वागत कर उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर उपस्थित अधिकरियों ने भी मतदान कर्मियों को पुष्पगुच्छ भेंट किए। कोरिया जिले में विधानसभा निर्वाचन 2018 का मतदान महापर्व संपन्न कराकर सकुशल लौटे मतदान दलों का बैकुंठपुर मुख्यालय स्थित रामानुज स्टेडियम प्रांगण में हार्दिक अभिनंदन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी की पहल पर पहली बार मतदान दल के कर्मियों का मतदान करा कर लौटने पर हार्दिक अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर सभी रिटर्निंग अधिकारी और उप पुलिस अधीक्षक निवेदिता पाल उपस्थित रहे।

### जमीन की रजिस्ट्री के बाद बगैर साईन चेक दिया,धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**रायपुर( आरएनएस)।** जमीन का सौदा कर फर्जी चेक भुगतान करने के मामले की रिपोर्ट खमतराई थाने में प्रार्थी ने दर्ज कराया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार ए.नागेश्वर राव 42 वर्ष पिता स्व.ए.जगन्नाथ राव निवासी संतोषीनगर खमतराई ने खमतराई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है की सतनामीपारा खमतराई में आरोपी सुरेश लहरे पिता सुंदर लहरे निवासी सतनामीपारा खमतराई ने 30 जून 2017 को जमीन खरिदने के नाम पर भूमि का सौदा कर अपने नाम रजिस्ट्री कराने के बाद उसे जमीन की भुगतान चेक द्वारा 27 लाख 35 हजार किया। जब चेक बैंक में जमा किया तो पता चला की चेक में हस्ताक्षर नही इस वजह से बैंक ने चेक वापस कर दिया। जमीन का पैसा मागे जाने पर आरोपी ने देने से मना कर दिया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धोखाधडी करने की रिपोर्ट पर अपराध कायम कर जांच में लिया है।

### एकत्रित धान की खरही में लगी आग

**कोरबा (आरएनएस)।** फसल की कटाई का कार्य शुरू हो गया है। ग्राम जुराली में भी किसानों ने फसल को काटकर खरही में एकत्रित कर रखा था। मंगलवार को मतदान का दिन होने की वजह से सभी किसान मतदान में व्यस्त थे। इसी बीच खरही में आग लग गई। इस घटना से किसानों को हजारों का नुकसान उठाना पड़ा है। नगर पालिका कटघोरा अंतर्गत वार्ड क्रमांक 12 जुराली में किसान राधे रजकए संजीवन रजक, नइहर लाल रजक और छतराम महंत निवास करते हैं। किसानों ने खेतों से काटकर धान की फसल को खरही में रखा था। मतदान का दिन होने की वजह से सभी किसान मतदान में व्यस्त थे। इसी बीच किसानों को खबर मिली की उनकी खरही में आग लग गई है। आनन-फानन में आग को बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन तब तक लाखों का धान जलकर खाक हो गया था। आग कैसे लगी इसका पता नहीं चल सका है। बहरहाल किसानों की गाढी कमाई पर पानी फिर गया है।

### ट्रेलर पलटने से ड्राइवर व हेल्पर की मौत

**कोरबा (आरएनएस)।** कटघोरा-अंबिकापुर हाईवे पर तीसरे दिन सोमवार की देर रात फिर से एक हादसा हुआ। चोटिया के पास एक तेज रफ्तार ट्रेलर बेकाबू होकर पलट गया। हादसे में उसमें सवार ड्राइवर-हेल्पर की मौत हो गई। घटना की जानकारी मंगलवार सुबह पुलिस को मिली। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। जहां दुर्घटनाग्रस्त वाहन को उठवाकर मृतकों के शव को बाहर निकाला गया। मृतकों की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस दुर्घटनाग्रस्त वाहन के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर मृतकों के परिजन की जानकारी जुटाने के प्रयास में लगी है। पुलिस ने जल्द से जल्द शिनाख्त हो सके इसके लिए। गाड़ी के नंबर के आधार पर पड़ताल शुरू की है।

### ट्रक की ठोकर से युवक घायल,रिपोर्ट दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** तेज रफ्तार ट्रक की ठोकर से मोटरसाईकिल सवार युवक घायल हो गया। प्रार्थी ने एक्सीडेन्ट की रिपोर्ट उरला थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर ट्रक चालक के खिलाफ धारा 279,337 के तहत मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार हरेंद्र साहु 23 वर्ष पिता राधेलाल साहु निवासी मेन रोड उरला ने रिपोर्ट दर्ज कराया है की मेटल पार्क रोड हीरा चौक के पास तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक सीजी 04-जेबी/4958 के चालक ने मोटरसाईकिल क्रमांक सीजी 04-एचपी/6240 को एक्सीडेंट कर दिया जिससे मोटरसाईकिल सवार घायल हो गया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### शराबी युवक से गौरेला टीआई का मजाक पड़ गया भारी

**बिलासपुर (आरएनएस)।** मतदान के दौरान एक शराबी युवक से गौरेला टीआई राजकुमार सोनी का मजाक करना भारी पड़ गया। मतदान के वक्त एक बूथ में शराबी युवक ने टीआई से किस पार्टी को वोट दूं पूछ लिया। इसके जवाब में टीआई ने मजाकिया अंदाज में किसी भी बटन को दबा दो, चाहो तो एक नंबर बटन भी दबा सकते हो कह दिया। फ़िर क्या था, इस बात की भनक जोगी कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं को लग गई और टीआई की शिकायत एसपी से कर दी। माहौल को भांपते हुए एसपी आरिफ शेख ने टीआई राजकुमार सोनी को लाइन हाजिर कर दिया है। इधर एसपी ने पेंड्रा टीआई अमित पाटले को भी लाइन हाजिर कर दिया है। जानकारी के अनुसार पाटले को जांजगीर सांसद कमला देवी पाटले के पुत्र होने के चलते निर्वाचन से हटा दिया गया। उनकी जगह प्रदीप आर्य को पेंड्रा टीआई का चार्ज सौंपा गया है।

# एक लाख की ईनामी महिला समेत 3 हार्डकोर नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण, सुकमा पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

**जगदलपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ शासन की पुनर्वास एवं आत्म समर्पण नीति से प्रभावित, पुलिस द्वारा चलाये गये नक्सल विरोधी अभियान से दबाव में आकर व जनजागरण अभियान से प्रेरित होकर, समाज की मुख्य धारा में शामिल होने की इच्छा, आंध्रप्रदेश के बड़े नक्सल लीडरों की प्रताड़ना एवं भेदभाव से प्रताड़ित होकर 3 सक्रिय, ईनामी नक्सलियों ने सुकमा पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया।

सुकमा एसपी अभिषेक मीणा ने बताया कि बेको मुके उर्फ पार्वती कराडी एलओएस सदस्य निवासी कालाहांडी उड़ीसा ईनामी एक लाख रूपए, सोढ़ी जोगा



पूर्व दक्षिण बस्तर डिवीजन कम्यूनिकेशन टीम कमांडर निवासी भेजी एवं वेट्टी रामा पूर्व नागाराम जनताना सरकार अध्यक्ष व स्थायी वारंटी निवासी जगरगुंडा ने बगैर हथियार आत्मसमर्पण किया है।

उन्होंने बताया कि समर्पित महिला नक्सली वेको मुके साल 2016 में ओड़िसा कालाहांडी के ग्राम कोटलन के पास और 2017 में ग्राम मिरकुल के पास पुलिस गश्त पार्टी पर फायरिंग की घटना में शामिल रही है। सरेंडर नक्सली सोढ़ी जोगा, कोंटा थाने के ग्राम आसरीगुड़ा के निकट जवानों के ट्रेक्टर में आईईडी ब्लास्ट, थाना चिंतागुफा के ताड़मेटला में एंबुश तथा 2011 में थाना चिंतलनार के तिम्मापुरम के निकट पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में शामिल रहा है। इसी प्रकार आत्मसमर्पित नक्सली वेट्टी रामा वर्ष 2013 में थाना चिंतागुफा के ग्राम मिनपा अस्थायी पुलिस केम्प पर फायरिंग में शामिल था। सभी समर्पित नक्सलियों को शासन की राहत एवं पुनर्वास योजना के तहत सहायता प्रदान की जाएगी।

## दलहन-तिलहन का पैदावार बढ़ाने किसानों को किया प्रोत्साहित

**कोरबा (आरएनएस)।** धान की फसल के बाद क्षेत्र के किसानों की आर्थिक उन्नति के लिए उन्हें दलहन-तिलहन का पैदावार बढ़ाना होगा। रबी सीजन में ऐसा करना किसानों के लिए फ ायदेमंद होगा। कृषि वैज्ञानिक भी इसके लिए किसानों को भ्रमण कर उन्हें प्रोत्साहित करें। यह बातें वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. आरके महोबिया ने कृषि विज्ञान केंद्र कटघोरा में आयोजित किसानों की मासिक बैठक में कही। उन्होंने जिले के कृषि अधिकारियों व सभी ब्लॉकों के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, कृषि विस्तार अधिकारी, अनुविभागीय कृषि अधिकारियों को रबी से संबंधित प्रयोजनों की जानकारी दी। जिले की कृषि संबंधी समस्याओं की जानकारी लेते हुए खरीफ फ सल की समीक्षा व आगामी रबी की फ सल की जानकारियां जुटाई।



### नक्सली प्रेशर बम विस्फोट में गाय की मौत

**जगदलपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सलियों द्वारा पुलिस को क्षति पहुंचाने बिछाए गए प्रेशर बम की चपेट में आकर एक गाय की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों के अनुसार क्रिस्टारम थाना क्षेत्र के धरमापेंटा गांव के समीप नक्सलियों ने गश्त सर्चिंग व एरिया डोमिनेशन के लिए निकली पुलिस पार्टी को बारूदी विस्फोट से उड़ाने प्रेशर बम बिछा रखे थे। आज सुबह एक प्रेशर बम में घास चर रही गाय का पैर पड़ गया। पैर पड़ते ही जबरदस्त धमाका हुआ और गाय के परखच्चे उड़ गए।

## मिलाद-उन-नवी के अवसर पर मुस्लिम समाज ने राजधानी में निकाला जुलूस



**रायपुर (आरएनएस)।** ईद मिलाद-उन-नवी के मुबारकबाद मौके पर राजधानी में मुस्लिम समाज द्वारा जुलूस निकाला गया जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए।

पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्म की खुशी में मनाये जाने वाला ईद मिलाद-उन-नवी के अवसर पर राजधानी के छोटापारा-बैजनाथपारा से भव्य जुलूस निकाला गया। इस जुलूस में पुरुष, महिला एवं बच्चे भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। जुलूस का जगह-जगह पर समाज के लोगों ने स्वागत भी किया। जुलूस शहर के विभिन्न इलाको का भ्रमण कर बैजनाथपारा में आकर समाप्त हुआ। जुलूस के दौरान समाज के लोगों द्वारा कई जगहों पर भंडारा भी आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम के दौरान समाज के लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की बधाइयां भी दी।

## ट्रेड यूनियनों ने जनवरी में दो दिवसीय हड़ताल का किया ऐलान

**कोरबा (आरएनएस)।** मजदूर विरोधी नीतियां लागू करने के मुद्दे पर राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफ ल बनाने की तैयारी में जुटे ट्रेड यूनियनों ने जनवरी में दो दिवसीय हड़ताल का ऐलान किया है।

पहले 10 ट्रेड यूनियनों का संयुक्त सम्मेलन दिल्ली में हुआ था। इसमें 8 व 9 जनवरी को केंद्र सरकार पर आर्थिक, जन व मजदूर विरोधी नीतियां लागू करने के मुद्दे पर राष्ट्रव्यापी हड़ताल का ऐलान किया गया था। ट्रेड यूनियनों के इस सम्मेलन से बीएमएस शामिल नहीं थी, लेकिन अन्य ट्रेड यूनियन ने सरकार को घेरने के लिए आंदोलन की रणनीति बनाई है। इसकी स्थानीय स्तर पर तैयारी शुरू कर दी गई है। लेकिन चुनाव के चलते आंदोलन को लेकर तेजी नहीं दिख रही थी, क्योंकि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान श्रमिक संगठनों के लिए सभाएं जुलूस व अन्य आयोजन मुश्किल था। लेकिन अब आंदोलन की तैयारी को लेकर तेजी आने की उम्मीद है क्योंकि प्रदेश में दूसरे व अंतिम चरण का मतदान हो चुका है।

हालांकि आचार संहिता परिणाम घोषित होने तक जारी रहेगा। माह के आखिर तक आंदोलन सफ ल करने ट्रेड यूनियनों की सक्रियता बढ़ जाएगी। श्रमिक नेताओं ने बताया कि ट्रेड यूनियनों की अधिवेशन राष्ट्रव्यापी समस्याओं के सभी बिंदुओं पर बात की गई है। जिला, उद्योग स्तर पर संयुक्त कन्वेंशन आयोजित कर सरकारी नीतियों के खिलाफ आंदोलन के लिए कर्मचारियों को एकजुट किया जाएगा। स्थानीय स्तर पर प्रदर्शन भी किया जाएगा। उद्योग स्तर पर संयुक्त तरीके से सभाएं रैली आयोजित होंगी। नवंबर-दिसंबर के दौरान हड़ताल की तैयारी को लेकर विशेष कार्रवाई होगी।

## शराब के नशे में धुत्त पोते ने की दादी की हत्या

**जांजगीर -चाम्पा (आरएनएस)।** ग्राम देवरघटा से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है चाचा भतीजे की लड़ाई में बीच बचाव करने आई दादी को पोते ने हथौड़े से मारकर मौत की नींद सुला दिया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। मामला शिवरीनारायण थाना के ग्राम देवरघटा का है पुलिस के अनुसार प्रार्थी गुहाराम पिता कार्तिक निवासी देवरघटा ने थाने में आकर बताया कि बीती रात गांव के समारू व चैतराम रोहिदास दोनों मिलकर घर में मुर्गा बनाकर शराब पी रहे थे तभी समारू शराब के नशे में सो गया।



थोड़ी देर बाद समारू का लड़का रजनीकांत शराब के नशे में आया और अपने चाचा चैतराम रोहिदास को गाली गलौज देने लगा रोहिदास गाली गलौज देने से मना किया। लेकिन भतीजा का पारा इससे और चढ़ गया और बाहर जाकर रात 07:00 बजे हथौड़ा लेकर घर मे आ गया और गाली गलौज व मार पीट करने लगा। दोनों की लड़ाई में बीच बचाव करने आई चैतराम की मां अंजोरा बाई पति मन बोध रोहिदास उम्र 70 वर्ष की रजनीकांत ने सिर में हथौड़ा मारकर हत्या कर दिया और वहां से भाग गया। रिपोर्ट पर धारा 174, 302 भादवि कायम कर विवेचना की जा रही है लाश का पंचनामा बना पीएम के लिए भेजा गया है आरोपी रजनीकांत पिता समारू रोहिदास को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## दम तोड़ रहे आक्सीजोन को संवारने जुटा विभाग

**जगदलपुर (आरएनएस)।** मिडिया में प्रमुखता से उठाये गये समाचारों से वन विभाग ने अब दम तोड़ रहे टेकामेटा स्थित ऑक्सीजन जोन को बचाने की ओर कोशिश की है और लोगों का कहना है कि देर आयद-दुरूस्त आयद, समय की मांग को वन विभाग ने समझा है और इसे संवारने की कोशिश शुरू की है।



लोहंडीगुड़ा मार्ग पर स्थित जगदलपुर वन विभाग परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम टेकामेटा में 2007 में स्थापित किये गये ऑक्सीजन जोन का निर्माण हुआ था और उसके बाद यहां पर वन विभाग ने इसकी देखभाल करने की ओर से अपनी आंख मूंद ली थी। लेकिन अब इस ऑक्सीजन जोन को संवारने का कार्य शुरू हो गया है।

उल्लेखनीय है कि इस ऑक्सीजन जोन में सबसे पहले पौधे लगाकर जोन को पुनः हराभरा करने की कोशिश की जा रही है और इसकी सुरक्षा के लिए चार दिवारी भी बनाई जा रही है। 2007 में लोगों को पर्याप्त प्राण वायु प्रदान करने और इस स्थान पर लोगों को वृक्षों की छांव तले शांति से बैठने की तथा परिवार सहित अपने अंतरंग पलों को बिताने के लिए उत्तम स्थल प्रदान करने के उद्देश्य से इस ऑक्सीजन जोन की स्थापना की गई थी।

ऑक्सीजन जोन में नीम, पीपल, बांस, सागौन सहित अन्य प्राण वायु प्रदायक वृक्षों का रोपण किया गया था, लेकिन यह उद्देश्य पूरा नहीं हो सका और इसकी सुरक्षा भी अनदेखी करने से समूचा ऑक्सीजन जोन ग्रामीणों के पशुओं के लिए चराई का स्थल बनकर रह गया था।



## ऑफस्क्रीन दोस्ती के कारण शाहीर शेख के साथ है अच्छी केमिस्ट्रीः एरिका फर्नांडिस

आजकल टीवी ऐक्ट्रेस एरिका फर्नांडिस अपने नए शो कसौटी जिंदगी के 2 के कारण काफी चर्चा में हैं। इसमें वह प्रेरणा का किरदार निभा रही हैं। इससे पहले एरिका सोनी टीवी के मशहूर शो कुछ रंग प्यार के ऐसे भी में भी शाहीर शेख के साथ आई थीं। उस सीरियल में इन दोनों ऐक्टर्स की जोड़ी को काफी पसंद किया गया था।

एरिका ने शाहीर के संबंधों के बारे में कहा, शाहीर और मैं अच्छे दोस्त रहे हैं। हमारी ऑफस्क्रीन दोस्ती के कारण ही ऑनस्क्रीन भी हमारी केमिस्ट्री गजब की आती है। यह जरूरी होता है कि आप अपने को-एक्टर के साथ कम्फर्टेबल रहें।

बता दें कि ऐसी खबरें भी सामने आई थीं कि एरिका और शाहीर के बीच अफेयर है। इस मुद्दे पर एरिका ने कहा, यह सच नहीं है कि हम दोनों रिलेशनशिप में थे, लेकिन मैं शाहीर के साथ अपनी दोस्ती से इनकार नहीं कर सकती हूं। हम लोग अभी भी आपस में मिलते-जुलते और बात करते हैं।

## कभी केवल पॉकेट मनी के लिए मॉडलिंग करती थीं तापसी पन्नू

तापसी पन्नू बॉलिवुड की बोल्ड हीरोइन मानी जाती हैं। बेबी और पिंक जैसी फिल्मों में अपने शानदार अभिनय से दर्शकों के दिलों में जगह बनाने वाली तापसी सब्जेक्ट बेस्ड फिल्मों में काम करना पसंद करती हैं। तापसी पन्नू से उनके करियर पर एक बातचीत

महिलाओं की न का मतलब न होता है। सिनेमा के जरिए यह सशक्त संदेश देने वाली ऐक्ट्रेस तापसी पन्नू ने सब्जेक्ट बेस्ड फिल्मों से अपनी खास पहचान बनाई है। हर मुद्दे पर बेबाकी से राय रखने वाली तापसी पन्नू ने कहा कि उन्हें सब्जेक्ट बेस्ड फिल्में करने से आपत्ति नहीं है। आगे भी वह ऐसी फिल्में करती रहेंगी।

लोग क्या कहेंगे, नहीं सोचती

सॉफ्टवेयर इंजिनियर तापसी पन्नू ने कहा कि कॉलेज के दिनों में पॉकेटमनी के लिए मैं मॉडलिंग करती थी। ऐक्टर बनने के बारे में नहीं सोचा था लेकिन जब फिल्में करने का मौका मिला और मेरी फिल्मों ने अच्छा बिजनस किया तो मैंने ऐक्टिंग को अपना लिया। इंजिनियरिंग के बाद मेरी जॉब लग गई थी लेकिन मैं जॉब नहीं करना चाहती थी। मैं नए अनुभव लेना चाहती थी। महिलाओं को यह नहीं सोचना चाहिए कि चार लोग क्या कहेंगे। जरूरी है कि आप मन का काम करें और खुश रहें।

